रजिस्ट्री सं. डी.—(डी एन)—73

REGISTERED NO. D—(DN)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

1982

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 14] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 3, 1982 (चैत्र 13, 1904)

No. 14] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 3, 1982 (CHAITRA 13, 1904)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

पृष्ठ

भाग I—खंड 1—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और सामान्य आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं 325

भाग I—खंड 2—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं 431

भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और सामान्य आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं — —

भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं 439

भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम *

भाग II—खंड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ *

भाग II—खंड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट *

भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं) 693

भाग II—खंड 3—उप-खंड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं 1171

भाग II—खंड 3—उपखंड (ii) भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खंड 3 या खंड 4 में प्रकाशित होते हैं) 143

भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश 59

भाग III—खंड 1—उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक एवं लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं 4257

भाग III—खंड 2—पेटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं और नोटिस 161

भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन व्यक्तियों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं 93

भाग III—खंड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं 997

भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस 89

भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को बताने वाला अनुपूरक

पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) ..	325
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	431
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	439
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A.—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) ..	693
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) ..	1171
PART II—SECTION 3 (iii).—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules and Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories)	143
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	59
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	4257
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	161
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	93
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	997
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	89
PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc. both in English and Hindi ..	

*Folio Nos. not received

भाग I—खण्ड 1
PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1982

सं. 17-प्रेज/82—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उनकी उत्कृष्ट वीरता के लिए "कीर्ति चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री हर लाल मिल,
भूतपूर्व एक्स्ट्रा डिपार्टमेंटल डिलीवरी एजेंट,
मंडइ बाजार, डाकघर त्रिपुरा डिवीजन।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि . 7 जून, 1980)

7 जून, 1980 की सुबह त्रिपुरा के एक छोटे से कस्बे मंडइ में तनाव फैल रहा था। दोपहर को तीर-कमानों, टकलों और बंदूकों से लैस आदिवासियों के झुंड बाड़ामूरा पहाड़ियों से आए और वहां पर बंगालियों के घरों और दुकानों को आग लगानी शुरू कर दी। इन घुसपैठियों की बड़ी संख्या को देखकर बंगाली एक पुलिस चौकी के पास इकट्ठे हो गए जहां वायरलैस की व्यवस्था थी, और वहीं एक तरह का एक छोटा कैंप बन गया। काफी रात बीतने पर जब पुलिस कर्मचारी अगरतल्ला में स्थित पुलिस मुख्यालय को सम्भावित खतरे के विषय में पूरी तरह अवगत कराने में असफल हो गए और इन्हें कुमुक मिलने की कोई आशा नहीं रही तो सम्भवतः कुमुक की व्यवस्था करने के लिए वे वहां से चले गए। एक पुलिस कार्मिक जो आदिवासी था, अपनी बंदूक और गोलाबारूद सहित आदिवासियों से जा मिला। इस तरह निहत्थे बंगाली निस्सहाय रह गए।

डाकतार विभाग का एक एक्स्ट्रा डिपार्टमेंटल एजेंट 23 वर्षीय बंगाली युवक, श्री हर लाल मिल ने पुलिस कर्मचारियों को वायरलैस से संदेश भेजते देखा था। पुलिस के चले जाने के बाद श्री मिल "तुरन्त सहायता के लिए" वायरलैस पर तब तक संदेश भेजते रहे जब तक कि एक आदिवासी की गोली ने उन्हें अपना शिकार नहीं बना लिया। आदिवासियों ने अगले दिन सुबह-सुबह श्री मिल के परिवार के 9 सदस्यों समेत 322 बंगालियों को मौत के घाट उतार दिया।

श्री हर लाल मिल ने इस प्रकार दूसरों की जान बचाने के प्रयास में असाधारण पहलशक्ति, सूझ-बूझ और उत्कृष्ट शौर्य का परिचय दिया।

2. जी/नं 153756 सुपरिन्टेंडेंट बिल्डिंग एंड रोड ग्रेड-II,
अमल कुमार माजी। (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 11 अगस्त, 1980)

9 अगस्त, 1980 को भारी भू-स्खलन होने के कारण लेखाबली-आलोंग सड़क पर यातायात पूरी तरह ठप्प हो गया था। 433 रोड मेंटेनेंस प्लाटून के, जी./153756 सुपरिन्टेंडेन्ट बिल्डिंग एंड रोड ग्रेड-II अमल कुमार माजी ने वहां से मिट्टी हटाकर सड़क साफ करने का काम संभाला और अपने साथियों के साथ सुबह से शाम तक लगातार काम करके निर्धारित समय से पहले ही सड़क साफ कर दी।

11 अगस्त को 11 बजे के लगभग जब डोजर कार्य के अंतिम चरण पर लगा हुआ था और गड्ढों को भरते हुए मजदूर कार्य समाप्त कर रहे थे तो अचानक भू-स्खलन से पहाड़ नीचे खिसकने लगा। अपनी जान बचाने के लिए श्री अमल कुमार माजी के पास काफी समय था किन्तु अपनी जान की परवाह न करते हुए और वहां पर काम कर रहे अन्य कार्मिकों की जान बचाने के ध्येय से वह उन्हें चेतावनी देते रहे कि वहां से वे जान बचा कर भाग जायें। इस तरह उन्होंने 22 व्यक्तियों की जानें बचाईं। इसके बाद जब उन्होंने वहां से हटने का प्रयत्न किया तो बहुत देर हो चुकी थी और एक भारी शिला खण्ड उन पर गिरा जिससे वे घाटी में लगभग 500 फुट नीचे लुढ़क गए और उनकी तत्काल मृत्यु हो गई।

श्री अमल कुमार माजी ने इस प्रकार उत्कृष्ट वीरता, प्रेरक नेतृत्व, दृढ़ निश्चय तथा असाधारण कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

3. मेजर राम सिंह सहारन (आई. सी. 26569)
जाट रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 8 अक्तूबर, 1980)

अप्रैल, 1980 के दौरान इम्फाल शहर और इसके निकटवर्ती क्षेत्रों की स्थिति राष्ट्रविरोधियों की गतिविधियों के कारण बिगड़ गई थी। गैर-कानूनी गतिविधियों, जिनमें मणिपुर के पूर्वी क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर हथियारबन्द हमले भी शामिल थे, में लगे हुए एक राष्ट्रविरोधी गिरोह के अड्डे को नष्ट करने का कार्य एक कम्पनी के आफिसर कमांडिंग मेजर राम सिंह को सौंपा गया। सूचना मिली थी कि इस गिरोह के पास राइफलें, स्टेनगन, शाटगन और हथगोले मौजूद थे। 7 अक्तूबर, 1980 को मेजर राम सिंह सहारन और उनकी सहायक टुकड़ी को उस संदेहास्पद क्षेत्र के समीप हैलिकाप्टर से उतारा गया।

8 अक्तूबर, 1980 को मेजर राम सिंह सहारन इन राष्ट्र-विरोधियों के अड्डे का पता लगाने और उसे नष्ट करने के लिए चल पड़े। इन्होंने इस क्षेत्र को छान मारा और उनके गढ़ को खोज निकाला और उसमें प्रवेश करके वहां रह रहे व्यक्तियों को चकित कर दिया। इन्होंने उनके गढ़ की तीन तरफ से नाकाबंदी की ताकि राष्ट्रविरोधी भाग न सकें। चौथी ओर से राष्ट्रविरोधियों की भारी गोलाबारी के बावजूद वे हमले में अपने दल का नेतृत्व करते आगे बढ़ते गए। अपने प्राणों की भी

परवाह किए बिना मेजर राम सिंह सहारन ने अपना हमला पूरे जोर से जारी रखा जिसके परिणामस्वरूप हथियार और गोला बारूद बरामद करने के अलावा 8 विद्रोही मारे गए और 2 पकड़ गए।

इस कार्रवाई में मेजर राम सिंह सहारन ने अपने कर्त्तव्य के प्रति पूर्ण निष्ठा, अनुकरणीय साहस, दृढ़ निश्चय और सूझ-बूझ का परिचय दिया।

4. 2672854 ग्रेनेडियर गोपाल सिंह,
ग्रेनेडियर्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 24 जून, 1981)

ग्रेनेडियर गोपाल सिंह उस टास्क फोर्स के सदस्य थे जिसे विरोधियों के कैम्प पर आक्रमण करके, उसे नष्ट करने का आदेश दिया गया था।

24 जून, 1981 को लगभग 10-30 बजे जबकि विरोधियों के कैम्प के एक भाग पर कब्जा कर लिया गया था परन्तु वहां एक घर से भारी संख्या में स्वचालित शस्त्रों से चलायी जाने वाली गोलियों के कारण सेना की टुकड़ी का आगे बढ़ना रुक गया था। घरों पर धावा बोलते समय ग्रेनेडियर गोपाल सिंह और ग्रेनेडियर बजरंग सिंह के साथ ग्रेनेडियर ओम प्रकाश घायल हो गये। अपने साथी को घायल देख कर और गोलियों की बौछारों को रोकना जरूरी समझ कर, ग्रेनेडियर गोपाल सिंह और ग्रेनेडियर बजरंग सिंह ने घरों पर धावा बोल दिया और वे एक विरोधी को जान से मारने के बाद गोलियों की बौछार को रोकने में सफल हो गए। पर इस कार्रवाई के दौरान ग्रेनेडियर गोपाल सिंह को एक गोली लगी और वे बुरी तरह घायल हो गए। सुरक्षित स्थान पर ले जाते समय बीच रास्ते में ही घावों के कारण इनकी मृत्यु हो गई।

ग्रेनेडियर गोपाल सिंह ने इस प्रकार उत्कृष्ट साहस, असाधारण वीरता और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

5. 2668238 ग्रेनेडियर बजरंग सिंह,
(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि: 24 जून, 1981)

24 जून, 1981 को ग्रेनेडियर बजरंग सिंह एक टास्क फोर्स के सदस्य थे जिसे विरोधियों के कैम्प पर छापा मारने और उसे नष्ट करने का आदेश दिया गया था। लगभग 10.30 बजे जबकि विरोधियों के कैम्प के एक भाग पर कब्जा कर लिया गया था तो वहां एक घर से भारी संख्या में स्वचालित शस्त्रों से चलायी जाने वाली गोलियों के कारण सेना की टुकड़ी का आगे बढ़ना रुक गया और ग्रेनेडियर ओम प्रकाश, जो ग्रेनेडियर बजरंग सिंह और ग्रेनेडियर गोपाल सिंह के साथ था घायल हो गया। अपने साथी को घायल देखकर और यह समझ कर कि विरोधियों की गोली बारी को बन्द करना जरूरी है, ग्रेनेडियर बजरंग सिंह और ग्रेनेडियर गोपाल सिंह ने उस मकान पर धावा बोल दिया और एक विरोधी को जान से मारने के बाद स्वचालित शस्त्रों से चलायी जाने वाली गोलियों को बन्द करने में सफल हो गये। इस कार्रवाई के दौरान ग्रेनेडियर बजरंग सिंह स्वचालित हथियारों से चलायी जाने वाली गोलियों की एक दनदनाहट से गम्भीर रूप से घायल हो गये। इसके बावजूद उन्होंने विरोधियों पर गोली चलाना जारी रखा। उनकी निर्भीक जवाबी कार्रवाई के फलस्वरूप भारी हथियारों से लैस विरोधी भय कम्पित हो उठे और हड़बड़ाहट में भाग खड़े हुए। बाद में ग्रेनेडियर बजरंग सिंह की घावों के कारण मृत्यु हो गई।

ग्रेनेडियर बजरंग सिंह ने इस प्रकार उत्कृष्ट साहस, असाधारण वीरता और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

6. कर्नल नरेन्द्र कुमार (आई०सी० 6729) पी० वी० एस० एम०, ए०वी० एस० एम०, इन्फैन्ट्री।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि: 2 जुलाई, 1981)

1981 के वसंत में सेना ने अपना एक अभियान दल सियाचन हिमनद भेजा। यह ध्रुवीय क्षेत्रों में बाहर हिमालय और पूर्वी काराकोरम के मध्य में संसार का सबसे लम्बा हिमनद है। सासोमा से 40 किलोमीटर की नुब्रा घाटी से उबड़-खाबड़ चढ़ाई तय करके सियाचन का महाना आता है और 80 किलोमीटर की दुर्गम दूरी और तय करने पर हिमनद का उद्गम "इन्दिरा कोल" आता है, जो भारत उप महाद्वीप और मध्य एशिया के बीच की जल विभाजक सीमा पर है। सुविख्यात पर्वतारोही कर्नल नरेन्द्र कुमार पी० वी० एस० एम०, ए० बी० एम० एम० के नेतृत्व में 150 व्यक्तियों का यह काराकोरम अभियान दल इस क्षेत्र में 28 मई, 1981 से 18 अगस्त, 1981 तक करीब तीन महीने रहा।

उबड़-खाबड़ और अगम्य बर्फीले इलाकों को पार करते हुए, सभी दल "इन्दिरा कोल" पहुंचा और सियाचन तलहटी के सभी दर्रों की टोह का काम किया उस दल ने सबसे पहले सिया कांगरी चोटी पर चढ़ाई की। इस चढ़ाई का आखिर का 700 फुट का भाग तो तिरछी बर्फीली खड़ी चट्टान की शक्ल में था। इस चोटी पर चढ़ने की पहली कोशिश नाकामयाब रही। अत्यन्त शांत-चित्त रहकर और अदम्य साहस का परिचय देते हुए और अपने जीवन की रक्षा की परवाह न करते हुए कर्नल नरेन्द्र कुमार ने शुरू की 100 फुट की बर्फीली चढ़ाई अकेले ही तय की और तब दल को ऊपर चढ़ने के लिए एक रस्सा नीचे फेंका। इस अनुकरणीय नेतृत्व से चोटी पर आरोहण संभव हुआ।

2 जुलाई, 1981 को "इन्दिरा कोल" पर आरोहण के बाद दल का एक सदस्य 19,000 फुट की ऊंचाई पर पहाड़ी पर ऊंचाई में होने वाली बीमारी के कारण अस्वस्थ हो गया। चिकित्सा का प्रबन्ध वहां से 20 किलोमीटर की दूरी पर था। तेज आंधी का सामना करते हुए और अनेक बर्फीली दरारों और एक खतरनाक और संकरे बर्फ के पुल को पार करते हुए कर्नल नरेन्द्र कुमार उस बीमार आदमी को स्ट्रेचर में ले आए और इस प्रकार उसके जीवन की रक्षा की

सलटोरी कंगरी (25,400 फुट) के आरोहण में, कर्नल नरेन्द्र कुमार ने परस्पर सहयोग से मिलकर काम करने, नेतृत्व और व्यावसायिक पर्वतारोहण का एक और कीर्ति-स्तम्भ कायम कर दिया । चोटी पर पहुंचने के दो असफल प्रयासों के बाद दल पहाड़ों की ऊंचाई पर होने वाली बीमारी से काफी त्रस्त हो चुका था । फिर भी कर्नल कुमार ने उस भीम-काय पर्वत के आगे हार न मानी और अन्त में 2 अगस्त, 1981 को उस चोटी पर चढ़ने में सफल हो गए ।

कर्नल नरेन्द्र कुमार ने इस प्रकार उत्कृष्ट वीरता, अनुकरणीय नेतृत्व तथा असाधारण साहस का परिचय दिया ।

7. 13735590 लांस नायक रवि सिंह,
जाक राइफल्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 6 जुलाई, 1981)

लांस नायक रवि सिंह उस कालम के सदस्य थे, जिसे 6 जुलाई 1981 को मणिपुर के मध्य जिले के इलाके में उग्रवादियों के दल को पकड़ने के लिये भेजा गया था । इस कार्रवाई के दौरान लांस नायक रवि सिंह को एक भागते हुए उग्रवादी को पकड़ने का आदेश दिया गया और बाद में पता लगा कि वह उग्रवादी संगठन का नेता था । जब लांस नायक रवि सिंह उस उग्रवादी का पीछा कर रहे थे तब उन पर स्वचालित हथियारों से अति निकट से गोलियों की बौछार की गई । अपने प्राणों की जरा भी परवाह न करते हुए इन्होंने एक उग्रवादी को तो जान से मार दिया और संगठन के नेता को जिन्दा ही पकड़ लिया ।

लांस नायक रवि सिंह ने इस प्रकार उत्कृष्ट वीरता, साहस और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

8. लेफ्टिनेंट कर्नल रामप्रसाद सिंह (आई० सी०-14287एन)
जाक राइफल्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 6 जुलाई, 1981)

27 जून, 1981 को मणिपुर के मध्य जिले के क्षेत्र में राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर काबू पाने का काम लेफ्टिनेंट कर्नल रामप्रसाद सिंह की कमान में एक इन्फैन्ट्री बटालियन को सौंपा गया । एक कारगर आसूचना संगठन की स्थापना करके लेफ्टिनेंट कर्नल रामप्रसाद सिंह ने इस क्षेत्र में उग्रवादियों की गतिविधियों के सम्बन्ध में काफी जानकारी प्राप्त की । 6 जुलाई, 1981 को उन्हें सूचना मिली कि किसी इलाके में कुछ सशस्त्र विरोधियों के बार-बार आने-जाने का तांता लगा हुआ है । जनरल अफसर कमांडिंग की अनुमति लेकर लेफ्टिनेंट कर्नल रामप्रसाद सिंह ने उस रात विशेष रूप से कार्रवाई करने की योजना बनाई । लेकिन दिन के उत्तरार्द्ध में इन्हें एक अन्य इलाके में कुछ संदिग्ध उग्रवादियों की हलचलों की सूचना मिली । शीघ्र कार्रवाई की आवश्यकता को समझ कर लेफ्टिनेंट कर्नल रामप्रसाद सिंह ने दिन में ही कार्रवाई करने का फैसला किया और फौरन मैकिण्ड लफ्टिनेंट साइरस एड़ी पीठावाला के नेतृत्व में दोपहर को ढाई बजे एक कम्पनी कालम को रवाना कर दिया । इसके बाद उन्होंने कुछ और जवान इकट्ठे किए और दल-दले भू-भाग में गुजर कर कार्रवाई का खुद संचालन किया । शाम के करीब छः बजे जब वे अपने लक्ष्य से 2 किलोमीटर दूर थे तो उन्होंने गोली चलने की आवाजें सुनी और वे तुरन्त इलाके को घेरा डालने के लिये आगे बढ़े । उस क्षेत्र में पहुंचते ही उन्होंने देखा कि मैकिण्ड लैफ्टिनेंट साइरस एड़ी पीठावाला घायल हो चुके थे और मुठभेड़ में एक कुख्यात उग्रवादी पकड़ लिया गया था एवं चार दूसरे उग्रवादी मारे जा चुके थे । अपनी चिन्ता किए बिना लैफ्टिनेंट कर्नल रामप्रसाद सिंह उन अन्य उग्रवादियों के बिल्कुल निकट पहुंचे, जो अभी तक गोली चला रहे थे और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिये कहा । कोई जवाब न पाकर और उनके लगातार प्रतिरोध को देखते हुए उन्होंने खुद ही इलाके को छान डालने के काम का संचालन किया । इस पूरी कारवाई में 2 उग्रवादी जिन्दा पकड़ लिये गये, 7 मार दिये गए और भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद अधिकार में ले लिया गया ।

इस कार्रवाई में लैफ्टिनेंट कर्नल रामप्रसाद सिंह ने नेतृत्व, पहल-शक्ति, साहस और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

9 फ्लाइट लैफ्टिनेंट शंकर अय्यर चन्द्रशेखर (13436)
(मरणोपरांत)
प्रशासन ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 21 नवम्बर, 1981)

21 नवम्बर, 1981 को, फ्लाइट लैफ्टिनेंट शंकर अय्यर चन्द्रशेखर (13436), प्रशासन, अपनी वार्षिक छुट्टी पर, लखनऊ-झांसी एक्सप्रेस से मद्रास जा रहे थे और अन्य तीन यात्रियों सहित प्रथम श्रेणी में सफर कर रहे थे । रात को करीब 11.30 बजे, जब गाड़ी कानपुर से 59 किलोमीटर की दूरी पर मलाना और लालपुर रेलवे स्टेशनों के बीच थी, चार सशस्त्र लुटेरे जबरदस्ती इनके डिब्बे में घुस आये । उन्होंने एक यात्री को चाकू मारा । शोरगुल में फ्लाइट लैफ्टिनेंट चन्द्र शेखर जाग उठे और घायल व्यक्ति की सहायता के लिये पुकार सुनकर वे अपनी बर्थ से कूद पड़े और सशस्त्र लुटेरों से भिड़ गए और साथ ही साथ खतरे की जंजीर खींचने की भी कोशिश करने लगे । इस मौके पर उन घुसपैठियों में से एक ने देसी रिवाल्वर से इनको दाईं कनपटी पर बहुत ही करीब से गोली चलाकर इन्हें तत्काल जान से मार दिया । इनके फौरन बाद, सशस्त्र, लुटेरे दूसरे यात्रियों को और नुकसान पहुंचाए बिना, अंधेरे में बच निकले ।

फ्लाइट लफ्टिनेंट चन्द्रशेखर ने जिन परिस्थितियों में अपने जीवन की आहुति दी प्रकट रूप में वे ऐसी थी कि केवल कोई "आत्म से परे सेवा" भाव की उच्चतम परम्पराओं से ओत-प्रोत अत्यधिक साहसी व्यक्ति भी ऐसे समय पर कर सकता है । इस बात की पूरी तरह समझते हुए कि वे घातक हथियारों से लैस उद्दण्ड व्यक्तियों के गिरोह का सामना कर रहे थे और जो हथियारों का प्रयोग करने

में हिचकिचा नहीं रहे थे, फ्लाइट, लैफ्टिनेंट चन्द्रशेखर ने वायु सेना के सुप्रशिक्षित तथा अनुशासित सदस्य के रूप में त्वरित गति से जबावी कार्रवाई की

सारी घटना के दौरान फ्लाइट लैफ्टिनेंट शंकर अय्यर चन्द्रशेखर ने उत्कृष्ट वीरता और उच्चतम कोटि के साहस का परिचय दिया और भारतीय वायुसेना की श्रेष्ठ परम्पराओं के अनुरूप अपने जीवन का बलिदान दिया ।

सु० नीलकण्ठन, राष्ट्रपति का उप-सचिव

गृह मंत्रालय

कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग

नियम

नई दिल्ली, दिनांक 3 अप्रैल 1982

संख्या 10/1/82-सी. एस.-।।—कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 1982 में केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-ग, भारतीय विदेश सेवा (ख) के आशुलिपिकों के उप संवर्ग के ग्रेड-ग, सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-ग और रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा की श्रेणी "ग" के लिये प्रवर सूचियों में सम्मिलित करने के लिये सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा के नियम सर्वसाधारण की सूचना के लिये प्रकाशित किये जाते हैं।

2. प्रवर सूचियों में सम्मिलित किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति में बता दी जाएगी।

भरी जानी वाली रिक्तियों में, जो कि सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिये आरक्षण किये जायेंगे।

अनुसूचित जाति/आदिम जाति का अभिप्राय उस किसी भी जाति से है जो निम्नलिखित में उल्लिखित है :—

संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 संविधान (अनुसूचित जन जाति) आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश 1951, संविधान (अनुसूचित जन जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश 1951) (अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति) सूचियां (संशोधन) आदेश, 1956, बम्बई पुनर्गठन अधिनियम, 1960, पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966, हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1970 तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम 1971 और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति (संशोधन) अधिनियम, 1976 द्वारा यथा-संशोधित (संविधान) जम्मू और काश्मीर (अनुसूचित जाति आदेश, 1956, संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1959, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1976 द्वारा यथा-संशोधित, संविधान (दादरा और नागर हवेली) अनुसूचित जन-जाति आदेश, 1962, संविधान (दादरा और नागर हवेली) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1962, संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964, संविधान (अनुसूचित जनजाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967, संविधान (गोवा, दमन और दीव) अनुसूचित जन-जाति आदेश, 1968 तथा संविधान (नागालैण्ड) अनुसूचित जनजातियां आदेश, 1970, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1976, संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जाति आदेश, 1978 तथा संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1978।

3. कर्मचारी चयन आयोग द्वारा यह परीक्षा इन नियमों के परिशिष्ट में निर्धारित पद्धति के अनुसार ही ली जाएगी।

4. किस तारीख को और किन-किन स्थानों पर परीक्षा ली जाएगी, इसका निर्धारण आयोग करेगा।

4. पात्रता की शर्तें—केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा/भारतीय विदेश सेवा (ख) के आशुलिपिकों के उप संवर्ग/सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा/रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा का श्रेणी "घ" या श्रेणी ।।। का नियमित रूप से नियुक्त कोई भी ऐसा स्थायी अथवा अस्थायी अधिकारी जो निम्नलिखित शर्तें पूरी करता हो परीक्षा में बैठने का पात्र होगा। अर्थात केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-घ के आशुलिपिक उस सेवा के ग्रेड-ग की रिक्तियों के लिए पात्र होंगे और भारतीय विदेश सेवा (ख) के ग्रेड ।।। के आशुलिपिक भारतीय विदेश सेवा (ख) के आशुलिपिकों के उप संवर्ग के ग्रेड ।। की रिक्तियों के लिये पात्र होंगे तथा सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-घ के आशुलिपिक सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-ग और रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के श्रेणी "घ" के आशुलिपिक रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा की श्रेणी "ग" की रिक्तियों के लिये पात्र होंगे।

(क) सेवा की अवधि—इस सेवा के ग्रेड-घ या ग्रेड ।।। में निर्णायक तारीख अर्थात 1-1-1982 को उनकी कम से कम तीन वर्ष की अनुमोदित और निरन्तर सेवा होनी चाहिए।

टिप्पणी—ग्रेड-घ के वे अधिकारी जो सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से संवर्ग बाह्य पदों पर प्रतिनियुक्ति पर हों, और जिनका केन्द्रीय सचिवालय, आशुलिपिक सेवा/भारतीय विदेश सेवा (ख) के आशुलिपिकों के उप संवर्ग/सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा/रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-घ या ग्रेड-।।। में धारणाधिकार है, यदि अन्यथा पात्र हों तो इस परीक्षा में बैठ सकेंगे।

परन्तु यदि वह केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा की श्रेणी "घ"/सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा की श्रेणी "घ"/भारतीय विदेश सेवा (ख) के आशुलिपिक उप-संवर्ग की श्रेणी-।।।/रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा की श्रेणी में "घ" प्रतियोगितात्मक परीक्षा, जिसमें सीमित विभागीय प्रतियोगितात्मक परीक्षा भी शामिल है, के परिणाम पर नियुक्त किया जाता है तो ऐसी परीक्षा के परिणाम निर्णायक तारीख से कम से कम तीन वर्ष पहले घोषित हुए होने चाहिए और उस श्रेणी में उसकी कम से कम दो वर्ष की अनुमोदित तथा लगातार सेवा होनी चाहिए।

(ख) आयु—उसकी आयु पहली जनवरी, 1982 को 50 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। अर्थात वह 2 जनवरी, 1932 से पहले पैदा नहीं हुआ हो।

(ग) ऊपर लिखित ऊपरी आयु सीमा में निम्नलिखित और छूट होगी—

(1) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक,

(2) यदि उम्मीदवार बंगला देश (भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान) से आया हुआ वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 को या उसके बाद (लेकिन 26 मार्च, 1971 से पहले) प्रव्रजन करके भारत में आया हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक,

(3) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति/अनुसूचित आदिम जाति का हो और बंगला देश (भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान) से आया हुआ हो और पहली जनवरी, 1964 को या उसके बाद (लेकिन 26 मार्च, 1971 से पहले) प्रव्रजन करके भारत में आया हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक,

(4) यदि उम्मीदवार श्रीलंका से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और अक्तूबर, 1964 के भारत-श्रीलंका समझौते के अधीन पहली नवम्बर, 1964 को या उसके बाद श्रीलंका से भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिकतम 3 वर्ष तक,

(5) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से संबंधित हो तथा श्रीलंका से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और अक्तूबर, 1964 के भारत-श्रीलंका समझौते के अधीन पहली नवम्बर, 1964 को या उसके बाद श्रीलंका से भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिकतम 8 वर्ष तक,

(6) यदि उम्मीदवार भारतीय मूल का हो और केन्या, उगांडा और संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टांगानिका और जंजीबार) जाम्बिया, मलावी, जायरे और इथियोपिया से प्रव्रजित हो तो अधिकतम 3 वर्ष तक,

(7) यदि उम्मीदवार भारतीय मूल का हो और किसी अनुसूचित या आदिम जाति का हो तथा केन्या, उगांडा और संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टांगानिका और जंजीबार) जाम्बिया, मलावी, जायरे और इथियोपिया से प्रव्रजित हो तो अधिकतम 8 वर्ष तक,

(8) यदि उम्मीदवार बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक,

(9) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से सम्बन्धित हो तथा बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक,

(10) किसी दूसरे देश से संघर्ष के दौरान अथवा उपद्रवग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियों को करते समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त रक्षा सेवा कार्मिकों के मामले में अधिकतम 3 वर्ष तक,

(11) किसी दूसरे देश से संघर्ष के दौरान अथवा उपद्रवग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियों को करते समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त अनुसूचित जातियों तथा आदिम जातियों से संबंधित रक्षा सेवा कार्मिकों के मामले में अधिकतम 8 वर्ष तक,

(12) 1971 में हुए भारत पाक संघर्ष के दौरान फौजी कार्यवाहियों में विकलांग हुए तथा उसके फलस्वरूप निर्मुक्त किये गये सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों के मामलों में अधिकतम 3 वर्ष तक,

(13) 1971 में हुए भारत पाक संघर्ष के दौरान फौजी कार्यवाहियों में विकलांग हुए तथा उसके फलस्वरूप निर्युक्त किये गए सीमा सुरक्षा बल के ऐसे कार्मिकों के मामलों में अधिकतम 8 वर्ष तक जो अनुसूचित जातियों या अनुसूचित आदिम जातियों के हों,

(14) यदि उम्मीदवार वियतनाम से भारतीय मूल का वास्तविक प्रत्यावर्तित व्यक्ति है तथा वह भारत में जुलाई, 1975 से पहले नहीं आया है, तो उसके मामले में अधिकतम 3 वर्ष तक, और

(15) यदि उम्मीदवार वियतनाम से भारतीय मूल का वास्तविक प्रत्यावर्तित व्यक्ति है तथा वह भारत में जुलाई, 1975 से पहले नहीं आया हो और वह किसी अनुसूचित या आदिम जाति का हो तो उसके मामले में अधिकतम 8 वर्ष तक।

उपर्युक्त बातों के अलावा ऊपर निर्धारित आयु-सीमा में और किसी हालत में छूट नहीं दी जाएगी।

(ख) आशुलिपिक परीक्षा:—जब तक कि केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा/भारतीय विदेश सेवा (ख) के आशुलिपिकों के उपसंवर्ग/सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा/रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-घ/ग्रेड-।।। में स्थायीकरण, या बने रहने के प्रयोजन के लिए आयोग की आशुलिपिक परीक्षा उत्तीर्ण करने से छूट न मिल गई हो, उसने परीक्षा की अधिसूचना की तारीख को या उससे पूर्व यह परीक्षा उत्तीर्ण कर ली होनी चाहिए।

टिप्पणी:—ग्रेड-घ या ग्रेड-।।। के जो आशुलिपिक सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से संवर्ग बाह्य पदों पर प्रतिनियुक्ति पर हैं और जिनका इस सेवा के ग्रेड-घ या ग्रेड-।।। से धारणाधिकार है, यदि अन्यथा पात्र हों, वे परीक्षा में सम्मिलित किये जाने के पात्र होंगे तथा यह बात ग्रेड-घ/ग्रेड-।।। में उन आशुलिपिकों पर लागू नहीं होती है जो स्थानान्तरित रूप में संवर्ग बाह्य पदों पर या अन्य सेवा में नियुक्त किये गए हों और केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा भारतीय विदेश सेवा (ख) के आशुलिपिकों के उपसंवर्ग/सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा/रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-घ/ग्रेड-।।। में धारणाधिकार न रखते हों।

5. परीक्षा में बैठने के लिये उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा।

6. यदि किसी उम्मीदवार के पास आयोग का प्रवेश-पत्र (सर्टिफिकेट आफ एडमिशन) न होगा तो उसे परीक्षा में नहीं बैठने दिया जाएगा।

7 उम्मीदवार को आयोग की विज्ञप्ति के पैरा 5 में निर्धारित शुल्क देना होगा।

8. यदि किसी उम्मीदवार को आयोग द्वारा अपराधी घोषित कर दिया जाता है या कर दिया गया हो कि उसने :—

(1) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त किया है, अथवा

(2) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(3) किसी अन्य व्यक्ति से छदम रूप में कार्य साधन कराया है, अथवा

(4) जाली प्रमाण-पत्र या ऐसे प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किये हैं जिनमें तथ्यों को बिगाड़ा गया हो, अथवा

(5) गलत या झूठे वक्तव्य दिये हैं या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, अथवा

(6) परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लिया है, अथवा

(7) परीक्षा भवन में अनुचित तरीके अपनाये हैं, अथवा

(8) परीक्षा भवन में अनुचित आचरण किया है, अथवा

(9) उपर्युक्त खण्डों में उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य के द्वारा आयोग को अवप्रेरित करने का प्रयत्न किया है, तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रासीक्यूशन) चलाया जा सकता है, और उसके साथ ही उसे :—

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा से, जिसका वह उम्मीदवार है, बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है, अथवा

(ख) उसे अस्थायी रूप से अथवा एक विशेष अवधि के लिये :—

(1) आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिये,

(2) केन्द्रीय सरकार के अधीन किसी भी नौकरी से वारित किया जा सकता है, और

(ग) उपर्युक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है।

9. परीक्षा के पश्चात् प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा अन्तिम रूप से प्राप्त अंकों के आधार पर आयोग द्वारा उनकी योग्यता क्रम की चार अलग सूचियां बनाई जायेंगी और उसी क्रम के अनुसार आयोग उस परीक्षा में जितने उम्मीदवारों को सफलता प्राप्त समझेगा, उनके नाम अपेक्षित संख्या तक, केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा (ख) के आशुलिपिकों के उप संवर्ग और सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा और रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-ग की चयन सूची में सम्मिलित करने के लिये सिफारिश करेगा।

परन्तु यदि अनुसूचित जातियों/अनुसूचित आदिम जातियों के लिये केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा/भारतीय विदेश सेवा (ख) के आशुलिपिकों के उप-संवर्ग/सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा और रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा में आरक्षित रिक्तियों की संख्या तक समान मानक के आधार पर रिक्तियां न भरी जा सकें तो आयोग द्वारा अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के आरक्षित कोटे में कमी को पूरा करने के लिए मानक में ढील देकर सिफारिश की जा सकती है चाहे परीक्षा की योग्यता सूची में उनका कोई भी रैंक क्यों न हो, बशर्ते कि उम्मीदवार केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा/भारतीय विदेश सेवा (ख) के आशुलिपिकों के उप-संवर्ग/सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा और रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-ग की चयन सूची में शामिल करने के लिये योग्य हों।

टिप्पणी :—उम्मीदवारों को अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि यह प्रतियोगिता परीक्षा है न कि अर्हक परीक्षा (क्वालीफाइंग एग्जामिनेशन)। इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा/भारतीय विदेश सेवा (ख) के आशुलिपिकों के उप-संवर्ग के ग्रेड-ग/ग्रेड ।।, सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा और रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-ग की प्रवरण सूची में कितने उम्मीदवारों के नाम शामिल किए जायें, इसका निर्णय करने के लिये सरकार पूरी तरह सक्षम है। इसलिये कोई भी उम्मीदवार अधिकार के तौर पर इस बात का कोई दावा नहीं कर सकेगा कि उसके द्वारा परीक्षा में दिये गये निष्पादन के आधार पर उसका नाम प्रवरण सूची में शामिल किया ही जाये।

10. हर एक उम्मीदवार के परीक्षाफल की सूचना किस रूप में तथा किस प्रकार दी जाये, इसका निर्णय आयोग अपने विवेकानुसार करेगा और आयोग परिणामों के बारे में उनसे कोई पत्र व्यवहार नहीं करेगा।

11. परीक्षा में सफलता से चयन का अधिकार नहीं मिल जाता जब तक कि संवर्ग प्राधिकारी, ऐसी छानबीन के बाद जो आवश्यक समझी जाए, संतुष्ट न हो जाए कि उम्मीदवार, सेवा में अपने चरित्र के विचार से, चयन के लिये सब प्रकार से उपयुक्त है।

12. जो उम्मीदवार इस परीक्षा में बैठने के लिये आवेदन-पत्र देने के बाद या परीक्षा में बैठ जाने के बाद केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा/भारतीय विदेश सेवा (ख) के आशुलिपिकों के उप-संवर्ग/सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा/रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के अपने पद से त्याग-पत्र दे देगा अथवा अन्य किसी प्रकार से उस सेवा को छोड़ देगा या उससे अपना संबंध विच्छेद कर लेगा या जिसकी सेवायें उसके विभाग द्वारा समाप्त कर दी गई हों या किसी निःसंवर्गीय पद या दूसरी सेवा में स्थानान्तरण द्वारा नियुक्त किया जा चुका हो और केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-घ/भारतीय विदेश सेवा (ख) के आशुलिपिकों के उप-संवर्ग के ग्रेड-।।। या सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा/रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-घ में धारणाधिकारी न हों, वह इस परीक्षा में परिणाम के आधार पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा। तथापि यह ग्रेड-घ/ग्रेड-।।। के उन आशुलिपिकों पर लागू नहीं होगा, जो सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से किसी

नि:संवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति के रूप में नियुक्त किया जा चुका

एच. जी. मंडल
अवर सचिव

लिखित परीक्षा के विषय, तथा प्रत्येक के लिये दिया गया समय तथा पूर्णांक इस प्रकार होंगे :—

भाग क—लिखित परीक्षा

विषय, दिया गया समय और पूर्णांक

(1) सामान्य अंग्रेजी, 1½ घंटे—50

(2) निबन्ध, 1½ घंटे—50

(3) सामान्य ज्ञान, 3 घंटे—100

भाग ख—हिन्दी या अंग्रेजी आशुलिपिक परीक्षा (लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने वालों के लिए) 200

टिप्पणी :—उम्मीदवारों को अपने आशुलिपिक नोट टंकण मशीन से लिप्यंतरित करने होंगे, और इस प्रयोजन के लिए उन्हें अपनी मशीन लानी होगी।

भाग ग—ऐसे उम्मीदवारों के सेवा अभिलेखों का मूल्यांकन जो आयोग द्वारा अपने विवेकानुसार निर्णीत किए जाएंगे, अधिकतम 100 अंक

2. लिखित परीक्षा के लिए पाठ्य विवरण तथा आशुलिपि की परीक्षाओं की योजना इस परिशिष्ट की संलग्न अनुसूची में दिये गये के अनुसार होगी।

3. उम्मीदवारों को प्रश्न पत्र (II) निबन्ध और (III) सामान्य ज्ञान का उत्तर हिन्दी या अंग्रेजी में देने की छूट है और उपर्युक्त दोनों प्रश्न पत्रों के लिए एक ही माध्यम (अर्थात् हिन्दी या अंग्रेजी) को चुनना होगा जो उम्मीदवार इन दोनों प्रश्न पत्रों का उत्तर हिन्दी में लिखने का विकल्प लेंगे उन्हें आशुलिपिक की परीक्षा भी केवल हिन्दी में ही देनी होगी और जो उम्मीदवार प्रश्न पत्रों को अंग्रेजी में लिखने का विकल्प लेंगे उन्हें आशुलिपिक की परीक्षा भी केवल अंग्रेजी में ही देनी होगी। सभी उम्मीदवारों को प्रश्न-पत्र (I) सामान्य अंग्रेजी का उत्तर अंग्रेजी में देना होगा।

टिप्पणी 1 :—जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में (II) निबन्ध तथा (III) सामान्य ज्ञान के प्रश्न-पत्रों का उत्तर तथा आशुलिपिक की परिक्षाओं में हिन्दी में लिखने के इच्छुक हों, में यह विकल्प आवेदन पत्र के कालम 6 में लिखें, अन्यथा यह माना जाएगा कि उम्मीदवार लिखित परीक्षा तथा आशुलिपिक की परीक्षायें अंग्रेजी में लिखेगा। एक बार का विकल्प अंतिम समझा जाएगा, और उक्त कालम में कोई परिवर्तन करने का अनुरोध साधारणतया स्वीकार नहीं किया जाएगा।

टिप्पणी 2 :—ऐसे उम्मीदवारों को अपनी नियुक्ति के बाद जो आशुलिपिक की परीक्षा हिन्दी में देने का विकल्प लेंगे, अंग्रेजी आशुलिपि और जो आशुलिपिक की परीक्षा अंग्रेजी में देने का विकल्प लेंगे उन्हें हिन्दी आशुलिपि आवश्यक रूप से सीखनी पड़ेगी।

टिप्पणी 3 :—जो उम्मीदवार विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों में परीक्षा देना चाहते हैं, उन्हें अपने निजी व्यय पर आशुलिपिक की परीक्षाएं देने के लिये विदेश में किसी ऐसे भारतीय मिशनों में जहां ऐसी परीक्षाएं लेने के आवश्यक प्रबंध हों, जाना पड़ सकता है।

टिप्पणी 4 :—उम्मीदवार ने जिस भाषा का विकल्प दिया है उसके अलावा अन्य किसी भाषा में उत्तर लिखने अथवा आशुलिपिक की परीक्षा देने पर कोई मान्यता नहीं दी जाएगी

4. जो उम्मीदवार 120 शब्द प्रति मिनट वाले डिक्टेशन में न्यूनतम योग्यता प्राप्त कर लेंगे वे 100 शब्द प्रति मिनट वाले डिक्टेशन में वही स्तर प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों से क्रम में ऊपर होंगे। प्रत्येक वर्ग में उम्मीदवारों को प्रत्येक उम्मीदवार को दिये गए कुल अंकों के अनुसार पारस्परिक प्रवरता अनुसार रखा जाएगा। (निम्नलिखित अनुसूची का भाग (ख) देखें)।

5. उम्मीदवारों को सभी उत्तर अपने हाथ से लिखने होंगे। किसी भी हालत में उन्हें उत्तर लिखने के लिये अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

6. आयोग अपने विवेकानुसार परीक्षा के किसी या सभी विषयों में अर्हक (क्वालीफाइंग) अंक निर्धारित करेगा।

7. केवल उन्हीं उम्मीदवारों को आशुलिपिक परीक्षा के लिये बुलाया जाएगा जो आयोग द्वारा अपने विवेकानुसार नियत किये गये न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त कर लेंगे।

8. केवल सतही ज्ञान के लिये कोई अंक नहीं दिये जायेंगे।

9. अस्पष्ट लिखावट के कारण लिखित विषयों के अधिकतम अंकों के 5 प्रतिशत अंक तक काट लिये जायेंगे।

10. परीक्षा के सभी विषयों में इस बात का विशेषतया लाभ दिया जाएगा कि भावाभिव्यक्ति आवश्यकतानुसार कम से कम शब्दों में क्रमबद्ध तथा प्रभावपूर्ण ढंग से और ठीक-ठीक की गई हों।

अनुसूची

लिखित परीक्षा का स्तर और पाठ्यक्रम विवरण

(भाग—क)

टिप्पणी :—भाग "क" के प्रश्न-पत्रों का स्तर लगभग वही होगा जो किसी भारतीय विश्वविद्यालय की "मैट्रीकुलेशन" परीक्षा का होता है।

सामान्य अंग्रेजी :—यह प्रश्न-पत्र इस रूप से तैयार किया जाएगा, जिससे उम्मीदवारों के अंग्रेजी व्याकरण और निबन्ध रचना के ज्ञान की तथा अंग्रेजी भाषा को समझने और शुद्ध अंग्रेजी लिखने का उनकी योग्यता की जांच हो जाए। अंक देते समय वाक्य विन्यास/सामान्य अभिव्यक्ति और भाषा कौशल को ध्यान में रखा जाएगा। इस प्रश्न पत्र में निबन्ध लेखन, सार लेखन, मसौदा लेखन, शब्दों का शुद्ध प्रयोग, आसान मुहावरों

और उपसर्ग (प्रोणेजीशन), डायरेक्ट और इनडायरेक्ट स्पीच आदि शामिल किये जा सकते हैं।

निबन्ध :—कई निर्धारित विषयों में से किसी एक पर निबन्ध लिखना होगा।

सामान्य ज्ञान :—निम्नलिखित विषयों का कुछ ज्ञान—भारत का संविधान, पचवर्षीय योजनायें, भारतीय इतिहास और संस्कृति, भारत का सामान्य और आर्थिक भूगोल, सामान्य घटनायें, सामान्य विज्ञान तथा दिन प्रतिदिन नजर आने वाली ऐसी बातें जिनकी जानकारी पढ़े लिखे व्यक्ति को होनी चाहिए। उम्मीदवारों के उत्तर से यह प्रकट होना चाहिए कि उन्होंने प्रश्नों को अच्छी तरह समझा है। उनके उत्तरों से किसी पाठ्य पुस्तक के ब्यौरेवार ज्ञान की अपेक्षा नहीं की जाती है।

(भाग ख)

आशुलिपिक परीक्षाओं की योजना

अंग्रेजी में आशुलिपिक की परीक्षाओं में दो डिक्टेशन परीक्षायें होंगी एक 120 शब्द प्रति मिनट की गति से सात मिनट के लिए और दूसरी 100 शब्द प्रति मिनट की गति से दस मिनट के लिये जो उम्मीदवारों को क्रमशः 45 तथा 50 मिनटों में लिप्यंतर करनी होगी।

हिन्दी में आशुलिपिक की परीक्षाओं में दो डिक्टेशन परीक्षायें होंगी, एक 120 शब्द प्रति मिनट की गति से सात मिनट के लिए और दूसरी 100 शब्द प्रति मिनट की गति से दस मिनट के लिये जो उम्मीदवारों को क्रमशः 60 तथा 65 मिनटों में लिप्यंतर करनी होगी।

कृषि मंत्रालय

(कृषि और सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 11 मार्च 1982

संकल्प

सं. 22-1/81-एल. डी. टी.—इस मंत्रालय के दिनांक 16-1-1978 के संकल्प संख्या 22-1/77-एल. डी. टी. तथा बाद में समय-समय पर किए गए संशोधनों के क्रम में भारत सरकार ने गोसंवर्धन सलाहकार परिषद् को 1 जनवरी, 1981 से तीन वर्ष की और अवधि के लिए पुनर्गठित करने का निर्णय लिया है।

गोसंवर्धन सलाहकार परिषद् की संरचना

अध्यक्ष

1. कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री, कृषि भवन, नई दिल्ली।

उपाध्यक्ष

2. राज्य मंत्री (कृषि और ग्रामीण विकास), कृषि भवन, नई दिल्ली।

सदस्य

1. सचिव, कृषि और सहकारिता विभाग, कृषि मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली।
2. अपर सचिव (सी.सी.टी.), कृषि और सहकारिता विभाग, कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली।
3. संयुक्त सचिव (डेरी विकास) कृषि और सहकारिता विभाग, कृषि मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली।
4. पशुपालन आयुक्त, कृषि और सहकारिता विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
5. उप-महानिदेशक (ए. एस.) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, कृषि भवन, नई दिल्ली।
6. ग्रामीण विकास मंत्रालय का एक प्रतिनिधि, कृषि भवन, नई दिल्ली।
7. पशुपालन निदेशक, केरल सरकार, त्रिवेंद्रम।
8. पशुपालन निदेशक, जम्मू व कश्मीर सरकार, जम्मू।
9. पशुपालन निदेशक, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला।
10. पशुपालन निदेशक, बिहार सरकार, पटना।
(राज्य सरकारों से नामांकन क्रम संख्या 7–10 पर दिए गए पशुपालन निदेशक/पशु-चिकित्सा सेवाएं प्रति वर्ष बारी-बारी से किया जाएगा)

निम्नलिखित संस्थानों से प्रत्येक से एक-एक नामजद प्रतिनिधि :

11. अध्यक्ष, राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड, आनन्द।
12. सचिव, भारतीय कृषि उद्योग प्रतिष्ठान, डरली कंचन (महाराष्ट्र)।
13. सचिव, सर्व सेवा संघ, गोपुरी, वर्धा (महाराष्ट्र)।
14. सचिव, स्टेट फेडरेशन आफ गोशाला एण्ड पिंजरापोल्स, अहमदाबाद (गुजरात)।
15. सचिव, अखिल भारतीय गोशाला-संघ, चन्द्रलोक जयपुर (राजस्थान)।
16. सचिव, गोशाला-संघ, मध्य प्रदेश, भोपाल।
17. सचिव, स्टेट गोशाला पिंजरापोल्स फेडरेशन, सदाकत आश्रम, पटना (बिहार)।
18. सचिव, आन्ध्र प्रदेश स्टेट फेडरेशन आफ गोशाला एण्ड पिंजरापोल्स, 4-1-363 हनुमान तांकड़ी, हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश)।
19. महा सचिव अखिल भारतीय गऊ संरक्षण परिषद्, एस. सी. एफ. 42, सैक्टर-30-सी, चण्डीगढ़।
20. सचिव, राजस्थान गोसेवा संघ, बीकानेर (राजस्थान)।
21. सचव, पश्चिम बंग कृषि-गोसेवा संघ, कलकत्ता।
22. सचिव, कर्नाटक दक्षिण भारत कृषि गोसेवा संघ, बंगलौर।
23. श्री राम सिंह प्रबन्धक, श्री दयानन्द गोशाला, रामपुरा, रिवाडी (हरियाणा)।
24. स्वामी योगेश्वर विदेही हरि जी, अध्यक्ष अखिल भारतीय गऊ संरक्षण परिषद्, सनातन धर्म मंदिर, अशोक नगर, दिल्ली।
25. स्वामी भीष्मजी, भीष्म भवन, घरौंदा, जिला करनाल (हरियाणा)।
26. श्री बाल विजय, आचार्य विनोबा भावे जी के सचिव, पवनार आश्रम, सेवा ग्राम, जिला वर्धा (महाराष्ट्र)।

27. श्री एन. एस. एस, मनरादियार, आई. डी/3, कालेज रोड, मद्रास।

28. दो संसद सदस्य (संसद के दोनों सदनों में
29. से एक-एक)।

सदस्य-सचिव

30. संयुक्त आयुक्त (एल. पी.), कृषि और सहकारिता विभाग, कृषि मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली।

आदेश

1. आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासनों तथा भारत सरकार के मंत्रालयों के विभागों, योजना आयोग, मंत्रिमंडल सचिवालय, प्रधानमंत्री का सचिवालय, लोक सभा सचिवालय तथा राज्य सभा सचिवालय और अन्य संबंधित संगठनों को भेज दी जाए।

2. यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सामान्य सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

पी. एस. कोहली
अपर सचिव

रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
नयी दिल्ली, दिनांक 9 मार्च 1982

संकल्प

सं. ई. आर, बी.-1/81/21/41—भारत सरकार ने श्री एच. सी. सरीन को, उनके 12-5-81 के समसंख्यक संकल्प के अधीन गठित रेल सुधार समिति के अध्यक्ष के रूप में, श्री बी. डी. पाण्डेय, जो त्यागपत्र दे चुके हैं, के स्थान पर नियुक्त करने का विनिश्चय किया है।

हिम्मत सिंह
सचिव, रेलवे बोर्ड
एवं भारत सरकार के पदेन संयुक्त सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 26th January, 1982

No 17-Pres./82.—The President is pleased to approve the award of the 'KIRTI CHAKRA' to the undermentioned persons for acts of conspicuous gallantry :—

1. Shri Hara Lal Sil, (*Posthumous*)
Formerly Extra Departmental Delivery Agent,
Mandai Bazar P.O., Tripura Division.
(Effective date of Award : 7th June, 1980).

